**सुविचार**

कुछ बोलने और तोड़ने में केवल एक पल लगता है.., जबकि बनाने और मनाने में पूरा जीवन लग जाता है।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 69 | पंचकूला। बुधवार, 15 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### वेदांता पावर-प्लांट में बॉयलर फटा, 7 की मौत, 30-40 मजदूर झुलसे



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई है। स्क्वप्रफुल्ल ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है। वहीं 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं। 15 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया है, जहां 5 मजदूरों की मौत की खबर है। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बॉयलर ब्लास्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्यूब फटने से हादसा हुआ है। 11 घायलों को खरसिया के पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन

**देहरादून, 14 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखंड के विकास, कनेक्टिविटी, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तीकरण पर अपनी बात रखी। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कॉरिडोर केवल सड़क नहीं होते बल्कि ये विकास के नए द्वार खोलते हैं। ये नए व्यापार, उद्योग, गोदाम और फैक्ट्रियों के लिए रास्ता तैयार करते हैं। इस कॉरिडोर से पूरे क्षेत्र का कायाकल्प होने की उम्मीद है और लोगों के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी। अपने संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश में त्योहारों की खुशी और नववर्ष का उत्साह है। उन्होंने सभी नागरिकों को वैसाखी, बोहाग बिहू और पुथंडु की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा केदार के दर्शन के बाद उन्होंने जो बात कही थी कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, वह अब सच होती दिख रही है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भूली-भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया : सीएम नायब

## डॉ अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर पंचकूला में समारोह आयोजित, सीएम बोले- कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब की राजनीतिक उपेक्षा की

- बाबा साहेब की जयंती को 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मना रहे

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़, 14 अप्रैल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने समय में भूली-भटकी मानवता को जीवन का सच्चा रास्ता दिखाया था , ऐसे में उनकी विरासत को सँभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष बाबा साहेब की जयंती को 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक %सामाजिक न्याय सप्ताह% के रूप में मना रहे हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत स्वच्छता अभियान से की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था एक ऐसा समाज, जहां किसी व्यक्ति की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसकी योग्यता और उसके कर्म से हो। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस सामाजिक न्याय सप्ताह से हम उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय सुनिश्चित करने और समानता के उनके सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर महान समाज सुधारक थे। उन्होंने जाति-पाति एवं छुआछूत, असमानता, अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष किया। वे दबे-पिछड़े आवाम की आवाज थे। एक गरीब परिवार में जन्मे बाबा साहेब ने यह सिद्ध कर दिया कि दृ? संकल्प, मेहनत और साहस से मनुष्य कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। उनका जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने उच्च मनोबल से जीवन की हर बाधा को पार किया। वे ओजस्वी लेखक, यशस्वी वक्ता, महान कानूनविद् और अर्थशास्त्री थे। भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी भी थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रति उनकी महान सेवाओं को देखते हुए उन्हें भारत रत्न के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। उनका साधनापूर्ण जीवन हम सबके लिए आदर्श है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर समाज के पिछड़ेपन व असमानता को दूर करने को सबसे कारगर उपाय शिक्षा को मानते थे। उन्होंने जब %पढ़ो, एक हो जाओ और संघर्ष करो% का नारा दिया तो वे जानते थे कि शिक्षा ही शोषितों को शोषण से बचा सकती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को यह बात जन-जन तक पहुंचाने के लिए लम्बे समय तक प्रयास करना पड़ा कि आत्म सम्मान, समान अधिकार और सामाजिक न्याय केवल मांगने से नहीं मिल जाते, उन्हें प्राप्त करने के लिए पहले स्वयं को इस योग्य बनाना पड़ता है और इसके लिए शिक्षित होना पहली शर्त है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब वंचित वर्गों की ही नहीं, महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के पक्षधर थे। वे नारी-शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उनका मत था कि शिक्षा ही उनको आत्मनिर्भर बना सकती है।

उन्होंने कहा कि आज का यह पावन अवसर बाबा साहेब के जीवन दर्शन का स्मरण करने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके साथ ही, एक सत्य को सामने लाने का दिन भी है। बाबा साहेब जैसे महानायक, जिन्होंने भारत का संविधान बनाया, उन्हें उसी दौर की सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी ने बार-बार राजनीतिक उपेक्षा और अपमान का शिकार बनाया।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि सन् 1946 में जब संविधान सभा का गठन हो रहा था, तब कांग्रेस ने उन्हें वहां पहुंचने से रोकने का हर संभव प्रयास किया। लेकिन, बाबा साहेब अपनी प्रतिभा और संघर्ष के बल पर वहां पहुंचे। फिर भी, उन्हें कभी कांग्रेस ने दिल से स्वीकार नहीं किया। स्वयं बाबा साहेब ने कहा था कि वे कांग्रेस के विरोधी खेमे से आते हैं और कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें कभी अपना नहीं माना।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह विडंबना ही थी कि देश के कानून मंत्री होते हुए भी उन्हें महत्वपूर्ण निर्णयों और समितियों से दूर रखा गया। विदेश नीति, रक्षा और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर उनकी भूमिका सीमित कर दी गई।

अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आयोग बनाने की उनकी मांग को भी कांग्रेस सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। सबसे बड़ा अन्याय तब हुआ, जब उनके जीवन के सबसे क्रांतिकारी सामाजिक सुधार, %हिंदू कोड बिल% को कांग्रेस ने जानबूझकर लटकाया, कमजोर किया और अंत में ठंडे बस्ते में डाल दिया। बार-बार आश्वासन देकर भी उसे लागू न करना, बाबा साहेब के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सन् 1951 में बाबा साहेब को मंत्रिमंडल छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। उस समय उन्होंने कहा था कि उनका इस्तीफा किसी पद की लालसा का नहीं, बल्कि सिद्धांतों के साथ समझौता न करने का परिणाम है। यह कांग्रेस की उस सोच की पराजय थी, जो सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति करती रही।

उन्होंने कांग्रेसी नेताओं पर आरोप लगाया कि आज भी उनका अपमान करने वाले लोग उनके लिखे संविधान की किताब को छाती पर लगाए घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि संविधान खतरे में हैं।

इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार , शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा, सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा , जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा , सामाजिक न्याय , सशक्तिकरण , अनुसूचित एवं पिछ?ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय मंत्री श्री कृष्ण बेदी , खाद्य , नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री श्री राजेश नागर , खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम के अलावा कई विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हमारी सरकार का मूल दर्शन अंत्योदय

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए हमारी सरकार का मूल दर्शन अंत्योदय है। इसी भावना को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के महामंत्र में पिरोया है। इसी मूल मंत्र पर चलते हुए हमने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं। प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जातियों में अब तक वंचित रह गए लोगों को उनका अधिकार दिया है। उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने हम सभी को संविधान में समानता का अधिकार दिया है। उन्होंने बताया कि भाजपा पार्टी बाबा साहेब की जयंती को 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मना रही हैं। इस दौरान गाँव-गाँव जाकर डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा किए हुए कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

# अंबेडकर जयंती और बैसाखी पर अमरटेक्स इंडस्ट्रीज में विशेष लंगर सेवा, सामाजिक समरसता का संदेश

पंचकूला ऑब्जर्वर




**पंचकूला।** पंचकूला स्थित अमरटेक्स इंडस्ट्रीज परिसर में अमरटेक्स अमर प्रयास फाउंडेशन के तहत प्रतिदिन संचालित होने वाली लंगर सेवा का आज विशेष रूप देखने को मिला। अवसर था भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और पंजाब के प्रमुख पर्व बैसाखी का, जिसे पूरे उत्साह, श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन पर परिसर में सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का प्रेरणादायक माहौल रहा।

कार्यक्रम में एडवोकेट हितेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सेवा को सर्वोपरि मानते हुए स्वयं अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया और समाज में सहयोग व परोपकार की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस दौरान अमरटेक्स ग्रुप के वित्त प्रमुख शिवम ग्रोवर भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों ने मिलकर बड़ी संख्या में लोगों को लंगर वितरित किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार–समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित–आज भी समाज को नई दिशा देने में प्रासंगिक हैं। वहीं बैसाखी, जो पंजाब की संस्कृति और समृद्धि का प्रतीक है, हमें मेहनत, एकता और साझा खुशियों का संदेश देती है। इन दोनों अवसरों का एक साथ आना इस सेवा कार्य को और भी विशेष बना गया।

लंगर सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराया गया, जिससे न केवल उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति हुई, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और जिम्मेदारी की भावना भी सुदृढ़ हुई। सेवा में जुटे स्वयंसेवकों का उत्साह और समर्पण कार्यक्रम की खास झलक रहा।

अमरटेक्स इंडस्ट्रीज परिसर में 'अमर प्रयास' फाउंडेशन द्वारा निरंतर चलाया जा रहा यह लंगर सेवा अभियान समाजसेवा की एक प्रेरणादायक पहल बन चुका है, जो क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# नीतीश कुमार का इस्तीफा, बीजेपी के सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए सीएम

## लोकभवन में आज होगा शपथग्रहण समारोह

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पटना, 14 अप्रैल।** नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा सौंपने की प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की गई। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपने पद से त्यागपत्र सौंपा और इसके बाद वह लोक भवन से बाहर निकले। अब सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे। उन्हें बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया है। एनडीए की बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा हो जाएगी। आज 15 अप्रैल को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के लिए एक भावुक पोस्ट भी किया।

नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो या महादलित हो- सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी बहुत काम किया गया है। उन्होंने बताया, इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, यानी 2025 से 2030 के लिए सात निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमन करते हैं। बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

उन्होंने कहा, हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है। इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है। हमने तय किया था कि अब मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे।

# जंग से 25 लाख करोड़ का नुकसान अमेरिका भरपाई करे : ईरान

पंचकूला ऑब्जर्वर



**तेहरान।** ईरान का दावा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों से उसे अब तक करीब 270 अरब डॉलर (25 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। ईरान सरकार के प्रवक्ता फातेमेह मोहाजेरानी ने बताया कि यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है।

उन्होंने कहा कि ईरान की तरफ से बातचीत करने वाली टीम इस मुद्दे को भी उठा रही है। इस्लामाबाद में हुई सीजफायर वार्ता में भी इस नुकसान की भरपाई की मांग की गई थी। ईरान ने साफ किया है कि वह शांति के लिए तैयार है, लेकिन उसकी कुछ शर्तें हैं। ईरान चाहता है कि उसे यूरेनियम एनरिचमेंट का अधिकार मिले, उस पर लगे सभी प्रतिबंध हटाए जाएं और युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई की जाए।

वहीं खबर है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर इस हफ्ते फिर से बैठक हो सकती है। इस्लामाबाद और जेनेवा को संभावित जगह माना जा रहा है, लेकिन अभी कुछ तय नहीं हुआ है। इससे पहले 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में हुई बैठक बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई थी।

उधर, लेबनान के एक अधिकारी ने कहा है कि इजराइल के साथ होने वाली बातचीत में उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता सीजफायर है। उन्होंने साफ किया कि वॉशिंगटन में लेबनान के राजदूत को सिर्फ इसी मुद्दे पर बात करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**मंथन** — भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक में निकाय चुनाव की रणनीति पर मंथन, लगातार चल रहे कार्यक्रमों की भी हुई समीक्षा

# 20 अप्रैल को चुनाव समिति की बैठक में भाजपा उम्मीदवारों के नाम होंगे तय

पंचकूला ऑब्जर्वर




**चंडीगढ़, 14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में मंगलवार को कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल ब?ौली, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राष्ट्रीय महासचिव ओम प्रकाश धनख?, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, डा. कमल गुप्ता, कैप्टन अभिमन्यु, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित कोर ग्रुप समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

करीब दो घंटे तक चली कोर ग्रुप की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पीएम के मन की बात कार्यक्रम समेत पार्टी के अन्य जो कार्यक्रम हुए हैं और आगामी दिनों में जो होने हैं उन पर चर्चा की गई। सभी नेताओं ने होने वाले नगर निकाय चुनाव की रणनीति पर भी मंथन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य सरकार की नीतियों पर विस्तृत चर्चा की वहीं प्रदेश अध्यक्ष ब?ौली ने बैठक में संगठनात्मक विषयों को रखा। प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया ताकि पार्टी और सरकार की नीतियां और अधिक प्रभावी तरीके से जन-जन तक पहुंच सकें। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भी आगामी चुनावी रणनीतियों और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में विभिन्न जनसंपर्क अभियान, सामाजिक कार्यक्रम और संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति दी जाएगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल आ रहा है, इसकी रणनीति बनी है। भाजपा का महिला मोर्चा इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा। बिल के समर्थन में पंचायतों, नगर पालिकाओं, नगर निगमों से रेजुलेशन तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को हर कदम पर सशक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी प?ाओ अभियान की शुरूआत की थी। आज हमें गौरव महसूस हो रहा है कि इस अभियान से लाखों बेटियों को जीवनदान मिला और एक कुरीति का अंत हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार योजनाओं के माध्यम से बेटियों को सशक्त कर रही है।

### भाजपा की जीत तय : मोहन लाल बड़ौली

बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भी बैठक में लिए गए निर्णयों को पत्रकारों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में पार्टी स्तर पर चलाए गए प्रशिक्षण महाअभियान, पार्टी का स्थापना दिवस, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अलावा पार्टी की होने वाली नियमित बैठकें, पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा की गई है। बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के लिए पार्टी ने मंत्री और पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई हुई है। इसके अलावा जहां-जहां उपचुनाव है वहां पर तीन सदस्यीय कमेटी का पहले ही गठन हो चुका है। इस कमेटी में जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और महामंत्री को शामिल किया गया है। बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए पांच सदस्यीय कमेटी जहां-जहां चुनाव होने हैं वहां पर 15 और 16 अप्रैल को रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार करेगी। चुनाव ल?ने के इच्छुक नेताओं से फार्म भी लिए जाएंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव क्षेत्र में वहां के विधायकों, मंत्रियों से भी अलग से चर्चा करेंगे। 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक चुनाव वाले क्षेत्र के हर वार्ड में कार्यकर्ताओं की बैठकें होंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 20 अप्रैल को चुनाव समिति की बैठक होगी जिसमें उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और जनता भी कांग्रेस पर विश्वास नहीं करती।

# आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं : सीएम भगवंत मान

## पंजाब में मांवां-धीयां सतिकार योजना की शुरुआत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**आदमपुर (जालंधर), 14 अप्रैल।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'मांवां-धीयां सतिकार योजना' की शुरुआत की। इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र की लगभग सभी महिलाओं को हर महीने 1000 से 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसे बाबा साहेब अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी। योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1000 रुपये, जबकि अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। भुगतान जुलाई 2026 से शुरू होगा।

सीएम ने कहा कि योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले चरण में 9 हलकों–आदमपुर, मलोट, श्री आनंदपुर साहिब, दिड़बा, सुनाम, मोगा, कोटकपूरा, बटाला और पटियाला देहाती–में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, जबकि शेष 108 हलकों में 15 मई से पंजीकरण शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण के लिए कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है।



### 26 हजार से अधिक पंजीकरण केंद्र बनाए

सरकार ने पूरे राज्य में 26,000 से अधिक पंजीकरण केंद्र स्थापित किए हैं, जिनमें आंगनवाड़ी केंद्र, सेवा केंद्र और नगर निगम कार्यालय शामिल हैं। इसके अलावा हर गांव और वार्ड में 'महिला सतिकार सखियां' तैनात की जाएंगी, जो घर-घर जाकर महिलाओं को योजना की जानकारी देंगी और पंजीकरण में सहायता करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में 9300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य की लगभग 97 प्रतिशत महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुछ लाभार्थियों को रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी सौंपे। महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत करेगी।

### पंजीकरण के लिए ये दस्तावेज जरूरी

पंजीकरण के लिए केवल तीन दस्तावेज जरूरी हैं—पंजाब का आधार कार्ड, वोटर आईडी और बैंक खाता। अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए जाति प्रमाण पत्र भी आवश्यक है, हालांकि जिनके पास यह प्रमाण पत्र नहीं है, वे फिलहाल 1000 रुपये प्राप्त कर सकती हैं और प्रमाण पत्र जमा करने के बाद शेष 500 रुपये भी दिए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने तीन लाभार्थियों हरबंस कौर, दीक्षा और सिमरन को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट सौंपे। लाभार्थियों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह उनकी वित्तीय आजादी को काफी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह अहम पहल हमारे विकास में विशेष भूमिका निभाएगी और पहली बार किसी राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ने हमारे बारे में सोचा है

### हर गांव और वार्ड में तैनात होंगे महिला सतिकार सखियां

मुख्यमंत्री ने व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर एक पहुंच विधि की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं की 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने और पंजीकरण प्रक्रिया में उनकी मदद करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा राज्य भर के हर गांव और वार्ड में महिला सतिकार सखियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला सतिकार सखियां लाभार्थियों के घर जाएंगी और उन्हें योजना के लाभों के बारे में बताएंगी, उनके सभी संदेह दूर करेंगी और पंजीकरण फॉर्म देंगी। वे लाभार्थियों को पूरी पंजीकरण प्रक्रिया के साथ-साथ आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी देंगी और उनके सभी सवालों और समस्याओं का समाधान करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर लाभार्थी के पास वोटर आईडी या बैंक खाते जैसा कोई दस्तावेज नहीं है, तो ये सखियां उन्हें ये दस्तावेज बनाने में मदद करेंगी। महिला सतिकार सखी उनका हर कदम पर मार्गदर्शन करेंगी। पहुंच में आसानी के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 卐एक बार जब वे अपना पंजीकरण फॉर्म भर लेते हैं और सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार हो जाते हैं, तो वे

## कांग्रेस और अकालियों ने गरीबों से स्कॉलरशिप हड़पकर बाबा साहेब की पीठ में छुरा घोंपा : सीएम भगवंत मान

**आदमपुर (जालंधर), 14 अप्रैल।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कांग्रेस और अकाली दल के दशकों लंबे शासन पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पिछड़े वर्गों को शिक्षा से वंचित रखना एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति थी। उन्होंने कहा कि इस नीति के कारण दलित और कमजोर वर्गों की कई पीढ़ियां प्रभावित हुईं और उनके विकास के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति फंडों का भी दुरुपयोग किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पूर्ववर्ती सरकारों से बिल्कुल अलग सोच के साथ काम कर रही है और बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और समानता के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार शिक्षा और महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण को प्राथमिकता देकर समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा, 'आप सरकार भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों को पूरा करने के लिए समाज के कमजोर वर्गों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत है।' उन्होंने बाबा साहेब को महान विद्वान, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके योगदान ने उन्हें विश्व के महानतम व्यक्तित्वों की श्रेणी में खड़ा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान बाबा साहेब अंबेडकर की कड़ी मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने कहा, 'बाबा साहेब केवल कमजोर वर्गों के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरी मानवता के मार्गदर्शक थे।' उन्होंने लोगों से बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल मुफ्त सुविधाएं या रियायतें गरीबी को समाप्त नहीं कर सकतीं, बल्कि शिक्षा ही वह साधन है जो समाज को सशक्त बनाकर गरीबी से बाहर निकाल सकती है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने बाबा साहेब के आदर्शों के साथ विश्वासघात किया और गरीब वर्गों को शिक्षा से दूर रखा। पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उस समय नौवीं कक्षा तक छात्रों को फेल नहीं किया जाता था, जिससे वे अपनी कमजोरियों से अनजान रह जाते थे और बाद में मैट्रिक में असफल होकर उनका भविष्य प्रभावित होता था। उन्होंने कहा कि यह नीति गरीब विद्यार्थियों के हित में नहीं थी।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों को सशक्त बनाने के बजाय उन्हें योजनाओं तक सीमित रखा। उन्होंने कहा, 'गरीबों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने की बजाय उन्हें आटा-दाल योजना तक सीमित कर दिया गया, जिससे उनकी पीढ़ियां वहीं की वहीं रह गईं।'

### पारंपरिक पार्टियों का एजेंडा केवल सत्ता हासिल करना

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पारंपरिक पार्टियों का एजेंडा केवल सत्ता हासिल करना और अपने परिवारों का हित साधना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आंतरिक कलह से जूझ रही है और उसके पास राज्य के विकास के लिए कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है। अकाली दल पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी अपनी साख खो चुकी है और लोगों को अब उससे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने लंबे समय तक राज्य के संसाधनों का दुरुपयोग किया और जनता के हितों की अनदेखी की। बैसाखी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्योहार पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह दिन समानता, भाईचारे और मानवता के मूल्यों का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बैसाखी फसल कटाई के मौसम की शुरुआत का भी प्रतीक है और लोगों को इसे उत्साह और सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन हर पंजाबी के लिए विशेष महत्व रखता है। बेअदबी के मामलों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सतिकार (संशोधन) बिल, 2026' पारित कर सख्त कानून लागू किया है, जिससे ऐसे अपराधों पर कड़ी सजा सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर आप नेता मनीष सिसोदिया ने भी सभा को संबोधित किया और कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान ने ही देश को मजबूत लोकतंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार उनके विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में लिफ्टिंग धीमी, अंबार लगने शुरू



**खन्ना, 14 अप्रैल।** एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडी खन्ना में गेहूं की आवक तेज हो गई है, लेकिन फसल की लिफ्टिंग बेहद धीमी होने के चलते मंडी में अंबार लगने शुरू हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि किसानों की मेहनत पर मौसम की मार पड़ने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार खन्ना मंडी में आज तक गेहूं की 35,900 कुंटल तक की आमद हो चुकी है, जिसमें से खरीद एजेंसियों व व्यापारियों द्वारा अब तक 27,120 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है, लेकिन इसके मुकाबले मात्र 8,000 क्विंटल की ही लिफ्टिंग हो पाई है। धीमी रफ्तार के कारण मंडी में अनाज खुले में पड़ा हुआ है, जिससे मौसम बदलने की स्थिति में भारी नुकसान हो सकता है। मंडी में बैठे किसान दलजीत सिंह का आरोप है कि संबंधित एजेंसियां लिफ्टिंग को लेकर गंभीर नहीं हैं। अगर समय रहते उठान नहीं हुई और बारिश या मौसम में बदलाव हुआ, तो किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। ऐसे में बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि मौसम खराब होने की स्थिति में जिम्मेदार कौन होगा। खन्ना मार्केट कमेटी के सचिव कमलदीप सिंह ने बताया कि अब तक मंडी में करीब 35,000 क्विंटल गेहूं की आमद हो चुकी है। इसमें से एक बड़े हिस्से की खरीद सरकारी एजेंसियों और प्राइवेट व्यापारियों द्वारा की जा चुकी है, लेकिन लिफ्टिंग की रफ्तार धीमी है। परन्तु आने वाले दिनों में इस रफ्तार को तेज कर दिया जाएगा ,मार्केट कमेटी हर तरह की स्थिति से निपटने लिए तैयार है। खरीद एजेंसियों की हड़ताल के कारण जो फसल मंडियों में खुले में पड़ी है, जब इस संबंध में जब हमने एफसीआई इंस्पेक्टर हरभजन सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि हमारी हड़ताल नहीं है, हम खरीद कर रहे हैं बाकी एजेंसी अभी खरीद करनी शुरू कर दी है।

### बाबा साहेब डॉ. बी आर अंबेडकर जी की जयंती पर मलिकपुर चौक में प्रतिमा स्थापित

**पठानकोट।** भारत के संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की जयंती पर पठानकोट जिले के मलिकपुर पीर बाबा चौक पर बाबा साहेब जी की मूर्ति स्थापित की गई। इस समारोह में पंजाब के कैबिनेट मंत्री पंजाब लाल चंद कटारूचक्क और डेरा के स्वामी स्वामी जगतगिरी गुरदीप गिरीजी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और डिप्टी कमिश्नर पठानकोट डॉ. पल्लवी विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस कार्यक्रम के दौरान, कैबिनेट मंत्री पंजाब लाल चंद कटारूचक्क और स्वामी गुरदीप गिरी जी महाराज जी ने मिलकर बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की मूर्ति का अनावरण किया और बाबा साहेब जी की मूर्ति पर पुष्पमाला अर्पित की। इस अवसर पर अमनदीप संधू जिला अध्यक्ष, सौरभ बहल चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट पठानकोट, पवन कुमार फौजी संगठन इंचार्ज और चेयरमैन ब्लॉक समिति घरोटा, रोबिन कटारूचक्क, नरेश सैनी माझा जोन अध्यक्ष बीसी विंग, भूपिंदर सिंह मुन्ना सदस्य जिला परिषद, नितिन ठाकुर सदस्य जिला परिषद, बलजीत कुमार सदस्य जिला परिषद, हिंदू कोऑपरेटिव बैंक पठानकोट चेयरमैन सतीश महेंद्रू और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए श्री लाल चंद कटारूचक्क कैबिनेट मंत्री पंजाब ने कहा कि आज पूरे देश और दुनिया में बाबा साहेब की जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर जी ने समाज के दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने, महिलाओं की स्थिति सुधारने और समाज में समानता लाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि आज खुशी का दिन है क्योंकि मलकपुर चौक के अंदर बाबा साहेब जी की मूर्ति का उद्घाटन किया गया है। इसकी स्थापना के बाद अब यह चौक बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी के नाम से जाना जाएगा, जिससे पठानकोट को एक अलग पहचान मिलेगी।

## गेहूं की फसल को आग से बचाने के लिए सावधानियां बरतने की अपील की

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 14 अप्रैल।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने गांव संधवां और कोठे गज्जन सिंह में आग लगने से गेहूं की फसल को हुए नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने एसडीएम कोटकपूरा को तुरंत नुकसान की रिपोर्ट भेजने और मुआवजा प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गेहूं की फसल को आग से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतें, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि गांव संधवां में लगभग 8 एकड़ और कोठे गज्जन सिंह में करीब 10 एकड़ गेहूं की फसल आग लगने से नष्ट हो गई।

स्पीकर संधवां ने किसानों को कटाई पूरी होने तक पूरी सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि बढ़ते तापमान के कारण तेज हवाएं चलना, बिजली के शॉर्ट सर्किट या मजदूरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बीड़ी-सिगरेट ऐसी घटनाओं के मुख्य कारण हैं। उन्होंने आगे कहा कि कच्ची सड़कों के कारण मौके पर सहायता पहुंचने में देरी हो सकती है, इसलिए गांव स्तर पर पहले से तैयार रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों को अपील की कि वह निम्नलिखित सावधानियां अपनाएं- ट्रांसफॉर्मर के पास वाली गेहूं की कटाई पहले कर लें। यदि पानी की आवश्यकता न हो तो ट्रांसफॉर्मर का स्विच बंद रखें। खेतों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें और गड्ढों में पानी जमा रखें। टैंकों में पानी भरकर साझा स्थानों पर रखें तथा पाइप की व्यवस्था करें। बड़े स्प्रे पंप तैयार रखें और उनके संपर्क नंबर साझा करें। छोटे स्प्रे पंप भी तैयार रखें तथा पानी और पेट्रोल की व्यवस्था रखें। अग्निशमन यंत्र सामूहिक रूप से खरीदें। मजदूरों को आग के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने के लिए कहें। आग बुझाने के लिए गांव के युवाओं की एक टीम तैयार रखें। खेतों में हल रखें ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत उपयोग किया जा सके। हर किसान के पास जरूरी संपर्क नंबर (गुरुद्वारा साहिब, बिजली ग्रिड आदि) हों। इन दिनों के दौरान शराब आदि से दूर रहें ताकि हर समय सतर्क रहा जा सके। अंत में उन्होंने कहा कि यदि इन सावधानियों का पालन किया जाए तो फसल को आग जैसी घटनाओं से काफी हद तक बचाया जा सकता है।

## गैंगस्टरों ते वार : 566 स्थानों पर छापेमारी 311 गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 84वें दिन आज पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के साथियों के चिन्हित और मैप किए गए 566 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि गैंगस्टरों ते वार पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने की दिशा में एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डी जी पी ) पंजाब गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। 84वें दिन पुलिस टीमों ने दो हथियार बरामद करने के बाद 311 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 21,154 हो गई है।

इसके अलावा 92 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है, जिनके पास से छह हथियार भी बरामद हुए हैं, जबकि 126 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

## अमृतसर में सीमा पार से चल रहे अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े तीन व्यक्ति काबू; 6 पिस्तौल बरामद

- गिरफ्तार किए गए दो आरोपी बंदूक की नोक पर लूट के मामले में वांछित थे : गुरप्रीत भुल्लर
- सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से भेजे जा रहे थे अवैध हथियार : डीजीपी



पंचकूला ऑब्जर्वर

**अमृतसर, 14 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से संचालित अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े तीन आरोपियों को छह आधुनिक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मंगल सिंह उर्फ मंगा (30) निवासी गांव काजीकोट, तरनतारन; प्रणव शर्मा उर्फ लड्डू (24) निवासी ऑर्किड वैली, छेहरटा, अमृतसर; और गौरव राणा (25) निवासी गुरु नानक एवेन्यू, अमृतसर के रूप में हुई है। बरामद पिस्तौलों में दो चीन निर्मित .30 बोर पिस्तौल, एक जिगाना .30 बोर पिस्तौल और तीन अन्य .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि अवैध हथियार सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजे जा रहे थे और आरोपी इन खेपों को प्राप्त कर अपराधियों को सप्लाई करते थे।

डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने और इसके आगे-पीछे के लिंक स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस ऑपरेशन के संबंध में जानकारी देते हुए अमृतसर के पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने संदिग्ध मंगल सिंह उर्फ मंगा को एक .30 बोर पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। उसके खुलासे के आधार पर सह-आरोपी प्रणव शर्मा उर्फ लड्डू और गौरव राणा को भी गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से पांच और पिस्तौल बरामद किए गए।

सीपी ने बताया कि आरोपी प्रणव उर्फ लड्डू और गौरव राणा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं और उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। उन्होंने आगे बताया कि दोनों आरोपी बंदूक की नोक पर लूटपाट के मामले में थाना रणजीत एवेन्यू में दर्ज केस में भी वांछित थे। इस संबंध में एफआईआर नंबर 54 दिनांक 04-04-2026 को अमृतसर के थाना छावनी में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (6, 7, 8) के तहत दर्ज की गई है।

### विधानसभा के स्पीकर संधवा ने समाना मोर्चे की संगत को सौंपी 'जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) बिल' की प्रति

## मान सरकार ने बेअदबी रोकने के लिए सख्त कानून बनाने हेतु विधानसभा में ऐतिहासिक बिल पास किया: संधवा

- स्पीकर संधवा ने बड़े जनहित में भाई गुरजीत सिंह खालसा से टावर से नीचे उतरने की अपील की

पंचकूला ऑब्जर्वर



**समाना, 14 अप्रैल।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने पहले किए अपने वादे के अनुसार 'जगत ज्योत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) बिल, 2026' की प्रति आज समाना में टावर मोर्चे की संगत को सौंपी। इस दौरान मोर्चे के मंच से जयकारों की गूंज के बीच पंजाब सरकार द्वारा बिल पास करने को सराहनीय और स्वागतयोग्य कदम बताया गया।

स्पीकर ने कहा कि वादे पूरे करना भी गुरु की कृपा के बिना संभव नहीं होता और उन्होंने जो वादा किया था, उसी के अनुसार वह आज यह बिल की प्रति भाई गुरजीत सिंह खालसा और संगत को सौंपने आए हैं। उन्होंने अपील की कि बड़े जनहित को देखते हुए भाई गुरजीत सिंह खालसा को अब टावर से नीचे उतर आना चाहिए। स्पीकर संधवा ने इस बिल का श्रेय संगत को देते हुए समूची संगत का धन्यवाद किया और कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जो वचन दिया था, उसे आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह ऐतिहासिक बिल पास कर पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब इसे कानूनी रूप देने के लिए राज्यपाल की मंजूरी मिलने तक वे चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्यपाल इस बिल को मंजूरी देंगे, क्योंकि यह राज्य का बिल है और सरकार ने इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी है। यह संगत की उम्मीदों से भी अधिक सख्त कानून है। कुलतार सिंह संधवा ने मोर्चे की संगत द्वारा उठाए गए सवालों और शंकाओं का संतोषजनक जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि जैसे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने विपक्ष को कहा था कि वे सभी के साथ मिलकर राज्यपाल से इस बिल को पास करवाने के लिए तैयार हैं, उसी तरह सरकारी स्तर पर कोई देरी नहीं होगी।

स्पीकर संधवा ने समूची संगत को खालसा साजना दिवस और बैसाखी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इस बिल के पास होने पर गुरु का धन्यवाद करने के लिए समाना आए हैं, क्योंकि संगत के सहयोग और आशीर्वाद से ही पंजाब सरकार, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, इस बिल को पास कराने में सफल हुई है। स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने टावर पर बैठे भाई गुरजीत सिंह खालसा की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की अरदास की और कहा कि हमें भी उनके जैसा अपने गुरु से प्रेम करना सीखना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों द्वारा बनाए गए ऐसे कानूनों में राजनीतिक गलतियां थीं, लेकिन अब जो बेअदबी रोकने वाला कानून बनाया गया है, उसमें कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। उन्होंने कहा कि पहले भी गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से संबंधित कानून थे, लेकिन अब उससे भी अधिक सख्त कानून बनाया जा रहा है, इसलिए इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### यह कानून सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए जरूरी

कानून के बारे में बोलते हुए स्पीकर ने कहा कि यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि जो भी बेअदबी जैसे घिनौने अपराध में शामिल होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और आने वाली पीढ़ियां भी दी गई सजा को याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि यह कानून सांप्रदायिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए जरूरी है और बेअदबी के प्रयासों के लिए उम्रकैद सहित सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। इस दौरान मंच से मोर्चे के नेताओं ने संगत और भाई गुरजीत सिंह के परिवार की ओर से पंजाब सरकार और स्पीकर संधवा का धन्यवाद किया। समाना के विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने कहा कि 13 अप्रैल का दिन विशेष है और इस बिल को पास करवाने में समाना टावर मोर्चे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि बीते समय में उनसे और प्रशासन से जो भी अनजाने में गलतियां हुई हैं, वे उसके लिए माफी मांगते हैं। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह बाजीगर, एसपी गुरबंस सिंह बैंस, एसडीएम रिचा गोयल, डीएसपी फतेह सिंह बराड़, मार्केट कमेटी चेयरमैन बलकार सिंह गज्जूमाजरा सहित बड़ी संख्या में संगत उपस्थित थी।

## डमटाल में खनन माफिया ने रेलवे की जमीन पर बनाए अवैध रास्ते

**पठानकोट।** पठानकोट के चक्की ब्रिज के दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे डमटाल क्षेत्र में अवैध खनन की ढुलाई को लेकर मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां क्रशर संचालकों द्वारा वर्षों से भारतीय रेलवे की जमीन का अवैध उपयोग करते हुए अपने कारोबार चलाया जा रहा है।

खनन माफिया ने न केवल सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया है बल्कि रेलवे की भूमि से अवैध रास्ता बनाकर भारी वाहनों की आवाजाही भी लगातार जारी है। जिसके चलते जम्मू दिल्ली रेलवे लाइन से मात्र कुछ मीटर की दूरी पर स्थित यह अवैध रास्ता कई फुट गहराई की चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गया है। रेलवे के संबंधित विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह अवैध रास्ता पहले साल 2011-12 में चिन्हित किया गया था। उस समय प्रशासन और रेलवे विभाग ने मिलकर इस रास्ते को बंद करवा दिया था। विभागीय सूत्रों के अनुसार राजनीतिक पहुंच और दबाव के चलते कारोबारी माफिया ने फिर से इस मार्ग को चालू करवा लिया और तब से लगातार इसका उपयोग किया जा रहा है।

## एक नजर

### कृष्णा कॉलोनी मार्केट एसोसिएशन ने एसआई दशरथ को किया सम्मानित

**भिवानी.** पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति जब धरातल पर रंग लाती है तो जनता का विश्वास खाकी के प्रति और गहरा हो जाता है। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है दिनोद गेट पुलिस चौकी के इंचार्ज एसआई दशरथ कुमार और उनकी टीम ने, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए कृष्णा कॉलोनी मार्केट एसोसिएशन द्वारा समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके साथ प्रवीण भी मौजूद रहे। बता दे क बीते एक सप्ताह के भीतर कृष्णा कॉलोनी मार्केट क्षेत्र में चोरी की दो वारदातों ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी थी। इन वारदातों को चुनौती के रूप में लेते हुए एसआई दशरथ कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस की तत्परता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही समय के भीतर चोरी के आरोपियों को न केवल चिह्नित किया गया, बल्कि उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। पुलिस की इस कार्यकुशलता से गदगद व्यापारियों ने कृष्णा कॉलोनी स्थित सत्यम पैलेस में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। एसोसिएशन के प्रधान तकदीर सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसआई दशरथ कुमार को उनकी टीम की सफलता के लिए सम्मानित किया। कृष्णा कॉलोनी मार्केट एसोसिएशन के प्रधान तकदीर सिंह ग्रेवाल ने कहा कि व्यापारी वर्ग के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पिछले कुछ दिनों में हुई चोरियों से बाजार में भय का माहौल बन रहा था, लेकिन एसआई दशरथ कुमार और उनकी टीम ने जिस तरह से तुरंत प्रभाव से आरोपियों को पकड़ा है, वह काबिले तारीफ है। हरियाणा पुलिस का नारा सेवा, सुरक्षा और सहयोग केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि एसआई दशरथ जैसे अधिकारी इसे धरातल पर चरितार्थ कर रहे हैं। इस कार्रवाई से ना केवल व्यापारियों का सामान सुरक्षित हुआ है, बल्कि पुलिस के प्रति हमारा विश्वास भी कई गुना बढ़ गया है। ग्रेवाल ने कहा कि जब पुलिस इतनी मुस्तैदी से काम करती है, तो अपराधियों के हौसले पस्त हो जाते हैं और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता है। इस मौके पर संयुक्त सचिव संजय महता, सचिव प्रदीप वर्मा, उपप्रधान सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष मोहन सेहरा, प्रैस सचिव धिनेश चुघ, संरक्षक योगराज सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य व व्यापारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के ओएसडी ने सरपंच राजेश कुमार को किया सम्मानित

**भिवानी.** गांव प्रेमनगर में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, कर्तव्यनिष्ठा व सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी विरेंद्र सिंह ने गांव प्रेमनगर के सरपंच राजेश कुमार बूरा को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को पंचकूला में मनाई जाने वाली जयंती के लिए गोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र सिंह बडजालसा गांव प्रेमनगर में पहुंचे थे। इस दौरान गांव के विकास के लिए सराहनीय प्रयास व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के फलस्वरूप मुख्यमंत्री के ओएसडी ने सरपंच राजेश कुमार सहित मा. राज सिंह घणघस और महर्षि वाल्मीकि समिति के संयोजक गोविंदा वाल्मीकि को भी सम्मानित किया। गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने कहा कि सामाजिक समरसता, शिक्षा, सेवा और कर्तव्य का पूरे मन से पालन बाबा साहेब के आदर्श है। उन्होंने गांव के विकास कार्यो की जानकारी ली और शिक्षा समिति प्रेमनगर व ग्राम पंचायत प्रेमनगर द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर विधायक कपूर वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, जिला सचिव नरेंद्र तालु, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहताश चौहान, भिवानी किसान संघ के पदाधिकारी, जोगेंद्र बूरा, जयवीर बरवर, कर्ण सिंह ढ़ांडा, कैप्टन पिरथी सिंह, जयपाल, मनजीत ढ़ांडा कोच सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### बैसाखी पर्व पर विद्यार्थियों ने शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि

**भिवानी.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकड़ों विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय विवेकानंद हाई स्कूल परिसर स्थित भीम राव अम्बेडकर कक्ष के समक्ष किया गया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और सद्भावना को बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया। साथ ही जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए सभी को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की निदेशक सावित्री यादव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैसाखी का पर्व जहां खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है, वहीं जलियांवाला बाग हत्याकांड हमें देश के लिए किए गए बलिदानों की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और देश के जिम्मेदार नागरिक बनें। कार्यक्रम के संयोजक एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सभी से पानी बचाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता एवं विचार प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### रोडवेज पास सहकारी एवं निजी बस पास अलग-अलग फिर विवाद क्यो? एसडीएम से मिले निजी बस संचालक

**भिवानी.** हरियाणा में रोडवेज बनाम निजी बस पास को लेकर चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। सोमवार को स्टेज कैरिज ट्रांसपोर्ट सोसाइटीज एंड प्राइवेट बस ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष डा. धन सिंह के नेतृत्व में भिवानी के एसडीएम-कम-आरटीए महेश कुमार से मिला। इस दौरान संचालकों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार भुगतान की पारदर्शी नीति तय नहीं करती, तब तक निजी बसों में छुट के साथ पास जारी करना आर्थिक रूप से संभव नहीं है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. धन सिंह ने कड़े शब्दों में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हम यात्रियों को सुविधाएं देने के विरोधी नहीं हैं, लेकिन हमारी भी कुछ वित्तीय सीमाएं हैं। वर्तमान में हम उन सभी श्रेणियों को निःशुल्क या रियायती यात्रा दे रहे हैं जिनका भुगतान हमें सुनिश्चित रूप से मिल रहा है। लेकिन जिन श्रेणियों की अदायगी की कोई गारंटी नहीं है, उन्हें बिना किसी सरकारी प्रतिपूर्ति नीति के लागू करना निजी संचालकों के लिए आत्मघाती होगा।

# व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित ना रहे यही बाबा साहेब का सपना: नायब सिंह सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला.** हर नागरिक को सम्मान मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित ना रहे। यही बाबा साहेब का सपना था और यही हमारे संविधान की आत्मा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ये विचार मंगलवार को यवनिका पार्क सेक्टर-5 से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को समर्पित समता मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करने के पश्चात व्यक्त किए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मैराथन हमें यह संदेश देती है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव, असमानता या अन्याय




स्वीकार नहीं है। हमें मिलकर ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। यह दौड़ सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे पूर्व, मैराथन स्थल पर पहुंचने पर युवाओं और बच्चों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी स्नेहपूर्वक लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने न केवल मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया, बल्कि प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। प्रतिभागियों ने भाईचारे का संदेश देते हुए ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम, सेक्टर-3 तक मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब को नमन करते हुए लोगों से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो समता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित हो।

**समाज का हर वर्ग सशक्त नहीं, विकास संभव नहीं**

नायब सिंह सैनी कहा कि वर्तमान सरकार का स्पष्ट मानना है कि जब तक समाज का हर वर्ग सशक्त नहीं होगा तब तक प्रदेश और देश का समग्र विकास संभव नहीं है। इसलिए हम लगातार ऐसी नीतियां बना रहे है जो समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा में लाने का कार्य करे। मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य है और आप सभी के कंधों पर एक सशक्त और समनतामूलक समाज के निर्माण की जिम्मेदारी है। बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया था। उन्होंने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। हमें उनके इन शब्दों को अपने जीवन में उतारना होगा। शिक्षा, जागरूकता और एकता के माध्यम से ही हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और संकल्प की एक अद्भुत गाथा है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज के उस वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया जो सदियों से वंचित और शोषित रहा। उन्होंने हमें केवल संविधान ही नहीं दिया बल्कि एक ऐसी विचारधारा दी जो समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत पर आधारित हैं। आज की यह समता मैराथन उसी विचारधारा को जन जन तक पंहुचाने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई है, जिनका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पंहुचाना है। उन्होंने कहा कि चाहे शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृति योजनाएं हो, रोजगार के अवसर हो या सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं- हरियाणा सरकार हर स्तर पर समानता और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है।

### महाराजा सूरजमल के बताए रास्ते पर चले युवा: मनोज चहल

**कैथल.** तितराम मोड़ पर अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस के अवसर पर महाराजा सूरजमल जी की प्रतिमा का अनावरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के सर्व समाज के गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक युवा क्रांतिकारी संगठन के प्रतिनिधि, युवा साथियों एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ की गई जिसके बाद मंचासीन अतिथियों ने महाराजा सूरजमल के वीरता, दूरदर्शिता और समाज के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल शासक और समाज को एकजुट रखने वाले प्रेरणास्त्रोत भी थे। उनकी नीतियां और आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इस प्रतिमा अनावरण से क्षेत्र में ऐतिहासिक और सामाजिक चेतना को नई ऊर्जा मिलेगी तथा युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के उपाध्यक्ष मनोज चहल कोटडा ने महाराजा सूरजमल के पद चिन्हों पर चलने और समाज की एकता, भाईचारे व प्रगति के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## हरियाणा ने 1.89 लाख मुफ्त डायलिसिस सेशन उपलब्ध कराए

### PGIMS रोहतक ने किडनी प्रत्यारोपण में 100त्न सफलता दर्ज की

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों, जिनमें PGIMS रोहतक भी शामिल है, ने वर्ष 2025-26 के दौरान क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को लगभग 1.89 लाख मुफ्त डायलिसिस सेशन उपलब्ध कराए। इसके साथ ही, PGIMS रोहतक के नेफ्रोलॉजी विभाग ने फरवरी 2023 से अप्रैल 2026 के बीच किए गए 34 किडनी प्रत्यारोपणों में 100त्न सफलता-दर हासिल की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम लगातार प्रगति कर रहा है। प्रत्यारोपण कार्यक्रम की शुरुआत दो सफल कैडेवरिक (मृत शरीर से) प्रत्यारोपणों के साथ हुई थी और तब से इसका लगातार विस्तार हुआ है।

इनमें वर्ष 2024 में 10, वर्ष 2025 में 17, और वर्ष 2026 में अब तक 4 प्रत्यारोपण पूरे हो चुके हैं, जो विभाग की बढ़ी हुई क्षमता और जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। जहां शुरुआती प्रक्रियाओं में कैडेवरिक दान शामिल थे, वहीं हाल के रुझान जीवित दाताओं से होने वाले प्रत्यारोपणों में वृद्धि का संकेत देते हैं, जो बढ़ती जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को उजागर करता है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहत, राज्य सरकार पूरे हरियाणा में छ्यष्ठ मरीजों को मुफ्त डायलिसिस सेवाएं, आवश्यक दवाएं और नैदानिक सहायता प्रदान कर रही है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि डायलिसिस की सुविधाएं PGIMS रोहतक और सभी जिला अस्पतालों में चालू हैं। अकेले वर्ष 2025-26 के दौरान, PGIMS रोहतक में 20,466 डायलिसिस सेशन आयोजित किए गए, जहां मरीजों को मुफ्त परामर्श और निरंतर देखभाल भी मिलती है। पिछले वर्ष संस्थान में लगभग 400-500 नए छ्यष्ठ मरीज पंजीकृत हुए थे। वर्तमान में, लगभग 125 मरीज डायलिसिस पर हैं और किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए इन सभी मरीजों की आवश्यक जांचें मुफ्त में की जा रही हैं। इस कार्यक्रम को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से, सरकार ने किडनी प्रत्यारोपण को एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा पहल के रूप में अपनाया है।

इसके तहत, दो प्रत्यारोपण सर्जनों को 3.5 लाख रुपये प्रति माह के विशेष मानदेय पर नियुक्त किया गया है, और साथ ही अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, दवाओं तथा व्यापक सहायता प्रणालियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। इसके परिणामस्वरूप, निजी अस्पतालों में आमतौर पर 5-7 लाख रुपये की लागत वाले किडनी ट्रांसप्लांट अब PGIMS रोहतक में हरियाणा के निवासियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं, जिससे उन्नत और जीवन-रक्षक चिकित्सा सुविधा तक उनकी पहुँच में काफी सुधार हुआ है।

## एमडीएन ग्लोबल स्कूल में जेंडर सेंसिटिविटी पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**कैथल.** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर एक प्रभावशाली क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में स्कूल के अतिरिक्त रेनबो मॉन्टेसरी स्कूल हाबड़ी, इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल कैथल तथा शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल कैथल के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग, प्राचार्य डॉ. संत कौशिक तथा रिसोर्स पर्सन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके उपरांत शिक्षकों एवं प्रबंधन द्वारा रिसोर्स पर्सन का तिलक, बैज एवं पुष्प भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के साथ औपचारिक शुरुआत हुई। निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि विद्यालयों में जेंडर सेंसिटिविटी का वातावरण



विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की धुरी हैं और उनके माध्यम से ही समानता, सम्मान एवं संवेदनशीलता के मूल्य विद्यार्थियों तक पहुंचते हैं। प्रथम सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन पवन शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने जेंडर सेंसिटिविटी के मूल सिद्धांतों, विद्यालयी वातावरण में समान अवसर, लैंगिक रूढियों को समाप्त करने, सकारात्मक भाषा प्रयोग तथा समावेशी शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र में रिसोर्स पर्सन ज्योतिष्मा ने आकर्षक प्रस्तुति के माध्यम से जेंडर समानता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ समूह गतिविधियां करवाईं। इंटरएक्टिव चर्चा, रोल प्ले तथा समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में रिसोर्स पर्सन को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में मैनेजर गौरव गर्ग व प्रिंसिपल डॉ संत कौशिक ने धन्यवाद करते हुए सभी रिसोर्स पर्सन, विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों, प्रबंधन समिति तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों विशेषकर वेन्यू डायरेक्टर श्वेता गर्ग का विशेष आभार व्यक्त किया।

## सिग्नस हॉस्पिटल ने बांटी फर्स्ट एड किट

**कैथल.** कैथल जिले में आपातकालीन स्थिति में सबसे पहले पहुंचने वाले पुलिसकर्मियों को अब चिकित्सा सहायता में और अधिक मजबूती मिलेगी। कैथल की पुलिस लाइन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान सिग्नस हॉस्पिटल द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत जिले की डायल 112 की गाडि?ों, पुलिस राइडर्स और सभी क्राइम यूनिट्स को फर्स्ट एड किट वितरित की गई। हॉस्पिटल का सिर्फ किट देना ही मकसद नहीं था, बल्कि पुलिसकर्मी इनका सही समय पर सटीक इस्तेमाल कर सकें, इसके लिए अस्पताल के स्टाफ द्वारा बाकायदा ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित किया गया। पुलिसकर्मियों को बताया गया कि दुर्घटना या किसी आपात स्थिति में एंबुलेंस आने से पहले घायल को किस तरह से प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। सिग्नस हॉस्पिटल के यूनिट हेड रोहित मेहता ने इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए कहा हॉस्पिटल समय-समय पर सामाजिक हित के कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है ताकि हम समाज से सीधे जुड़ सकें। पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सेवा में मुस्तैद रहते हैं। इसी कड़ी में डायल 112 और क्राइम यूनिट्स को किट दी गई हैं, ताकि वे अपनी ड्यूटी के दौरान किसी भी घायल की तुरंत मदद कर सकें साथ ही उनका उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने के प्रयासों को मजबूती देना है। पुलिस विभाग के साथ मिलकर इस प्रकार की पहल आगे भी जारी रखी जाएगी। वही डीएसपी गुरविन्द्र सिंह ने भी इस पहल की सराहना की है, क्योंकि फील्ड में तैनात राइडर्स और डायल 112 के कर्मचारी अक्सर दुर्घटना स्थलों पर सबसे पहले पहुँचते हैं, जहां यह किट जीवन रक्षक साबित हो सकती है।

### इंसानियत के सच्चे रक्षक थे डॉ. भीम राव अंबेडकर: मामन छाछिया

**समालखा.** मंगलवार को क्षेत्र में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इन मौको पर आयोजित कार्यक्रमों व रैलियों आदि में उनकी प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब के शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के संदेश को श्रद्धा से याद किया गया। पावटी, देहरा और हथवाला सहित कई गांवों में आयोजित जयंती समारोह के दौरान बाबा साहब के जीवन पर बारीकी से प्रकाश डालते हुए पूर्व सरपंच मामन छाछिया ने कहा कि जो लोग आज भी बाबा साहब को नहीं समझ पाए वो सच में नादान है क्योंकि बाबा साहब न सिर्फ दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए बल्कि देश की नारी जाति के लिए भी किसी भगवान से कम नहीं है। उन्होनें बाबा साहब को इंसानियत के सच्चे रक्षक की संज्ञा देते हुए कहा कि भारतीय रिज़र्व बैंक की नींव और वैचारिक संरचना में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इन अवसरों पर कृष्ण कुमार, पप्पू नम्बरदार, अशोक डिकाडला, शमशेर फौजी, रणधीर चौहान, जय भगवान, रामफल सरोहा, अनिल, धर्मबीर दहिया, कुलदीप भौरिया, प्रकाश, धर्मपाल उपस्थित थे।

## सर्वसमाज के आदर्श हैं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी : विधायक



**मुलाना.** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर मुलाना विधायक पूजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित दोसडका स्थित अंबेडकर चौक पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विधायक ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के अवसर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1892 को महू,मध्य प्रदेश में हुआ था। बाबा साहेब को संविधान निर्माता और आ?ाद भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में जाना जाता है। भीमराव अंबेडकर जी हमारे राष्ट्र के नायक और करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है।

बाबा साहेब ने बहुत सारी कठिनाइयां सहने के बाद भी उन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित किया उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता वे एक विद्वान समाजसेवी,देश भगत व सविधान निर्माता थे बहुत ही गुणी और अद्वितीय प्रतिभा वाले बाबा साहेब जी का जीवन आदर्शवादी रहा है। हर समाज को समानता का अधिकार देना और प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को विकास की राह से जोड़ना उनका सपना था।

**135वीं जयंती पर कई कार्यक्रमों में पहुंचे, 2.46 करोड़ से 11 गलियों का शिलान्यास**

## अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलकर ही विकसित भारत का सपना होगा साकार : कल्याण

पंचकूला ऑब्जर्वर

**घरौंडा.** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने मंगलवार को घरौंडा और करनाल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर पहुंचकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी और लोगों को उनके विचारों पर चलने का संदेश दिया। साथ ही वतन सिंह कॉलोनी में 2 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 11 गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी



किया। हरविंदर कल्याण ने गांव डींगर माजरा, घरौंडा के अंबेडकर चौक फाटक पार, करनाल के कर्ण विहार और सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और सभी को जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाया गया संविधान देश की विविधताओं को एक सूत्र में पिरोता है।

अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और खानपान के बावजूद यही संविधान हमें एक राष्ट्र के रूप में जोड़कर रखता है। युवाओं से उन्होंने अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की।

इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रोहित भंडारी, पार्षद संदीप राठी, सोमनाथ प्रजापति, अमित गुप्ता, बलविंद्र सिंह, अश्वनी राणा, अमर सिंह, हरनाम दास, डा. ध्रुव, अनूज गुप्ता, मनोज राणा, अमित राणा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सहित कई गणमान्य लोग, मातृशक्ति और बुजुर्ग उपस्थित रहे। हरविंदर कल्याण ने कहा कि वर्तमान समय में नौकरियां सिफारिश या वोट बैंक के आधार पर नहीं, बल्कि मेरिट के आधार पर दी जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि अब हर वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है, जो बाबा साहब के समानता के सपने को साकार कर रहा है।

### खालसा साजना दिवस के उपलक्ष में महान कीर्तन समागम का आयोजन

**अम्बाला.** पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार को खालसा साजना दिवस के उपलक्ष में महान कीर्तन समागम करवाया गया जिसमें बीबी कवलजीत कोर मस्कीन शाहबाद मारकंडा वालों ने कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया सुबह अखंड पाठ साहब के भोग डालें गए ,उसके उपरांत हजूरी रागी ने कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया, अखंड पाठ साहब की सेवा पूर्व प्रधान स्वर्गवासी सरदार सेवा सिंह के परिवार ने की सेवा करने वालों को और आए हुए रागी सिंहों को गुरुद्वारा साहब के प्रधान कुलजीत सिंह बेदी ,और बीएस बिंद्रा ने गुरु की बख्शीश सिरोपा देकर सम्मानित किया.

# आयरन से भरपूर है शकरकंद



एंटीऑक्सीडेंट की खदान है ये जड़ वाली सब्जी, इसको खाते ही शरीर में आएगी पहलवान जैसी फौलादी ताकत, जानिए कौन-सी सब्जी है। आयरन की खदान है ये सब्जी इस सब्जी के सेवन से अनगिनत बिमारियों से बचा जा सकता है ये एक सब्जी अनगिनत बिमारियों पर बहुत भारी पड़ती है। इसमें पोषक तत्व बहुत ज्यादा पाए जाते है जो शरीर को पहलवान की तरह मजबूत बनाते है। इस सब्जी का सेवन सेहत के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी साबित होता है। इस सब्जी में कूट-कूट कर पौष्टिक गुण भरे होते है जो कई रोगों को जड़ से खत्म करने के लिए असरदार होते है। हम बात कर रहे है शकरकंद सब्जी की ये सब्जी जमीन के अंदर उगती है इसलिए इसे जड़ वाली सब्जी कहते है। शकरकंद बहुत ज्यादा फायदेमंद सब्जी होती है शकरकंद में आयरन का बहुत जबरदस्त स्रोत होता है जिससे शरीर लोहे की तरह मजबूत और क?क होता है। शकरकंद में कैरोटीनॉयड नामक तत्व पाया जाता है जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। शकरकंद किडनी के लिए बहुत बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। शकरकंद में पाए जाने वाले पोषक तत्व के गुण फाइबर, आयरन, कैरोटीनॉयड, विटामिन ङ्क, मैग्नेशियम, कैल्शियम, विटामिन सी, जिंक और पोटेशियम जैसे अन्य पोषक तत्व के गुण भरपूर मौजूद होते है। जो शरीर को तंदुरस्त और रोग मुक्त रखते है। शकरकंद का उपयोग सेहत के लिए बहुत पौष्टिक आहार माना जाता है शकरकंद को कई प्रकार से उपयोग में लिया जाता है। शकरकंद खाने में मीठा होता है इसे उबालकर सेवन किया जाता है अक्सर लोग व्रत में शकरकंद का सेवन करते है जिससे शरीर में कमजोरी नहीं आती है। शकरकंद की कई तरह की डिश बनाई जाती है जो स्वाद में बहुत लाजवाब होती है। शकरकंद का सेवन जरूर करना चाहिए शरीर के लिए बहुत गुणकारी माना जाता है।





# ‘कास्ट’ से बदलेगा एक्ट्रेस कशिका कपूर का अंदाज

सिनेमा प्रेमियों के बीच इन दिनों एक नाम तेजी से सुर्खियों में है—कशिका कपूर। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म कास्ट की रिलीज़ जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है, दर्शकों का उत्साह भी चरम पर पहुंचता जा रहा है। खास बात यह है कि फिल्म के पूरे लुक के अनावरण से पहले ही, टीज़र ट्रेलर में उनकी महज़ एक झलक ने ही दर्शकों के बीच जबरदस्त जिज्ञासा पैदा कर दी है। यहां फैंस और इंडस्ट्री से जुड़े लोग कशिका कपूर को एक बिल्कुल नए और दमदार अंदाज़ में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस को लेकर हो रही तारीफें इस बात का संकेत हैं कि दर्शक इस बार कुछ अलग और प्रभावशाली देखने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बढ़ती चर्चा को और खास बनाता है यह तथ्य कि यह सराहना टीज़र रिलीज़ से पहले ही देखने को मिल रही है, जो कशिका की बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत फैनबेस का प्रमाण है। अपनी अभिव्यक्तिपूर्ण अदाकारी और काम के प्रति समर्पण के लिए पहचानी जाने वाली कशिका लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। अब सबकी निगाहें फिल्म के टीज़र ट्रेलर पर टिकी हैं, जो कशिका कपूर के करियर का अब तक का सबसे प्रभावशाली अध्याय साबित हो सकता है।

## चिल्ड्रन ऑफ गॉड’ में गूंजेगी इंसानियत की आवाज़

मुंबई की फिल्मी दुनिया में एक ऐसी कहानी दस्तक दे रही है, जो सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के आईने में झांकने का साहस भी देती है। औशिम खेतरपाल की नई फिल्म ‘चिल्ड्रन ऑफ गॉड’ का पोस्टर रिलीज़ होते ही चर्चा में है—एक ऐसी झलक, जो पहचान, अस्वीकृति और आत्म-स्वीकार की गहरी भावनाओं को छूती है। साईं बाबा पर आधारित प्रोजेक्ट्स के लिए पहचाने जाने वाले औशिम खेतरपाल इस बार एक अलग और बेहद संवेदनशील विषय लेकर आए हैं। फिल्म के निर्देशक आशीष सक्सेना कहते हैं, यह कहानी सच्चाई से निकली हैज हमने इसे पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ पेश किया है। औशिम खेतरपाल के शब्दों में, यह फिल्म उन आवाज़ों की सच्चाई है जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता हैज खुद को स्वीकार करना ही सबसे बड़ा साहस है। मुख्य भूमिका निभा रहे आकाश वर्मा के लिए यह किरदार एक जिम्मेदारी जैसा रहा। वे कहते हैं, यह सिर्फ एक रोल नहीं, बल्कि उन भावनाओं को समझने का मौका था, जिनसे कई लोग रोज़ गुजरते हैं। कहानी अमित से अमिता बनने की है—एक ऐसी यात्रा, जिसमें दर्द, अस्वीकृति, अपनापन और अंततः आत्म-स्वीकृति का उजाला है। ‘चिल्ड्रन ऑफ गॉड’ एक सोशल ड्रामा के साथ-साथ एक इंस्पिरेशनल कमिंग-ऑफ-एज फिल्म है, जो दर्शकों को सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि सोचने का नजरिया भी देगी।

# चिरैया की सफलता से गदगद हुई दिव्या दत्ता, सोशल मीडिया पर फैंस का जताया आभार



अभिनेत्री दिव्या दत्ता अपने शानदार अभिनय से दर्शकों में खास पहचान रखती हैं। वे ज्यादातर ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा होती हैं, जो समाज की कुरीतियों और गंभीर मुद्दों पर रोशनी डालती है। इसी कड़ी में वह हाल ही में वेब सीरीज %चिरैया% में नजर आई थीं। ओटीटी पर स्ट्रीम होने के बाद सीरीज को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसे देखते हुए अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर कर लिखा, हमारे दर्शकों का इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन लोगों को यह सीरीज पसंद आई और जिनसे यह जुड़ गई और जिन्होंने इसे अपना प्यार दिया। उन सभी को तहे दिल से शुक्रिया। छह एपिसोड वाली हिंदी ड्रामा वेब सीरीज वैवाहिक दुष्कर्म और पितृसत्तात्मक दबाव के गंभीर विषय पर आधारित है। सीरीज के जरिए निर्देशक शशांत शाह ने उन कुरीतियों पर सोचने पर मजबूर किया है, जो सालों से प्रथा के तौर पर समाज में चली आ रही हैं, जिन पर आजतक किसी ने सवाल नहीं किया।

%चिरैया% की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादी के बाद भी अपने अधिकारों और सहमति के मुद्दे पर आवाज उठाती है। यह सीरीज सीधे-सीधे पूछती है, क्या शादी करने भर से जीवन भर की सहमति मिल जाती है? क्या पति को जबरदस्ती करने का हक है? शशांत शाह द्वारा निर्देशित सीरीज में दिव्या दत्ता मुख्य भूमिका में हैं, जो कुरीति पर सवाल उठाने के साथ-साथ अपनों से ही लड़ती दिख रही हैं। वहीं, इसमें संजय मिश्रा भी अहम किरदार में हैं। इसके अलावा सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टिन्नू आनंद और सरिता जोशी जैसे कलाकार भी खास भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज एसवीएफ एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है और जियो हॉटस्टार पर एक्सक्लूसिव तौर पर स्ट्रीम हो रही है।

# निकिता गांधी ने ‘तू ही दिसदा’ को बताया जेन-जी के लिए खास तोहफा

अक्षय कुमार की आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का का नया रोमांटिक गाना तू ही दिसदा हाल ही में रिलीज हुआ, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह गाना अरिजीत सिंह और निकिता गांधी की शानदार आवाज में हैं। इसका संगीत प्रीतम ने दिया, जबकि बोल कुमार द्वारा लिखे गए हैं। गायिका निकिता गांधी ने हाल ही में आईएएनएस के साथ खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने गाने को जेन जी जेनरेशन को समर्पित बताया। निकिता का मानना है कि यह गाना आज की युवा पीढ़ी, यानी कि जेन जी के लिए बेहतरीन उदाहरण है। यह गाना सुनकर लगता है जैसे कोई सपना हो, जो दिल में बस जाता है। उन्होंने कहा, इस गाने का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। यह एक बहुत ही प्यारा गाना है, जिसके जरिए एक बार फिर मैं, अरिजीत और प्रीतम दादा एक बार फिर साथ में आए। हालांकि, हमने पहले भी कई बेहतरीन गाने दिए हैं और यह भी उनमें से एक है। गायिका ने आगे गाने की धुन की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि इस गाने की धुन भारतीय है और इसमें देसी टच, पियानो ट्रैक भी है, जो भारतीय रोमांटिक गाने के साथ खूबसूरती से मेल खाता है। आज की युवा पीढ़ी के लिए यह गाना परफेक्ट है। गायिका ने आगे रीमिक्स और ओरिजिनल गानों पर भी अपने विचार शेयर किए। उन्होंने कहा कि दोनों अपनी जगह अछे हैं। हर चीज के अछे और बुरे पहलू होते हैं। रीमिक्स इसलिए यादा पसंद किए जाते हैं क्योंकि लोग उन गानों से पहले से परिचित होते हैं। निकिता ने कहा, जब मैं स्टेज पर पुराना गाना जैसे रात बाकी, बात बाकी का रीमेक गाती हूं, तो कॉलेज गिग या टीचर्स के सामने हर कोई उसे पहचान लेता है। रीमेक की सबसे अछी बात यह है कि आप पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हैं और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाते हैं। अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए निकिता ने बताया कि पहले बहुत सारे शुरुआती गाने दूसरे गायकों को मिल जाते थे। अब यह कम हो गया है। अछी बात यह है कि अब गायकों की अपनी ब्रांड वैल्यू और पहचान बन गई है। निकिता ने अपनी बात को खत्म करते हुए नए सिंगर्स को सलाह देते हुए कहा, अगर कोई स्क्रैच वर्जन (कचा ड्राफ्ट) सुनाए तो उसे साफ-साफ बता देना चाहिए कि यह फाइनल नहीं है। इससे कंपोजर की उम्मीदें सही रहती हैं। निकिता का कहना है कि असल में गाना कंपोजर का होता है, गायक सिर्फ उसे गाते हैं। इसलिए स्क्रैच सुनाते समय स्पष्ट कर देना बेहतर होता है।



## खाने का प्यार और दोस्ती का तड़का, विनय पाठक ने बताया ‘एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा’ का अनुभव

मनोरंजन की दुनिया में कई बार ऐसी फिल्में आती हैं, जो कलाकारों के बीच की असली दोस्ती और तालमेल की वजह से खास बन जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म इन दिनों चर्चा में है, जिसका नाम है एवरीबडी लव्स सोहराब हांडा। इस फिल्म को दर्शको की ओर से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान अभिनेता विनय पाठक ने आईएएनएस से अपने अनुभव साझा किए। विनय पाठक ने कहा, मेरे और मेरे करीबी दोस्तों रणवीर शौरी और रजत कपूर के बीच एक खास चीज है, जो हमें हमेशा जोड़कर रखती है, और वह है खाने को लेकर प्यार। जब हम तीनों साथ बैठते हैं, तो हमारे लिए खाना ही सबसे बड़ा सिनेमा बन जाता है। हम कैमरे या शूटिंग की चिंता नहीं करते, बल्कि खाने और बातचीत का पूरा आनंद लेते हैं। मैं शाकाहारी हूं, जबकि मेरे दोस्त नॉन-वेजिटेरियन हैं। इसके बावजूद, खाने के प्रति हमारा जुनून एक समान है। चाहे कहीं भी जाएं या किसी भी स्थिति में हों, खाने के लिए उनका प्यार कभी कम नहीं हुआ। यही छोटी-छोटी चीजें हमारी दोस्ती को मजबूत बनाती हैं, हमें एक-दूसरे के करीब लाती हैं। जब आईएएनएस ने विनय पाठक से उनकी फिल्म में निभाए गए किरदार के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, यह कहना सही नहीं होगा कि फिल्म पूरी तरह मेरे किरदार पर टिकी है। कोई भी अछी फिल्म सिर्फ एक कलाकार के दम पर नहीं चलती, बल्कि यह सभी के मिलकर किए गए काम का नतीजा होती है। उन्होंने फिल्म की असली ताकत के बारे में बात करते हुए कहा, इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी शानदार कहानी और बेहतरीन डायलॉग्स हैं। निर्देशक रजत कपूर ने फिल्म के हर पहलू को बहुत संतुलित तरीके से संभाला है। वह सुनिश्चित करते हैं कि हर कलाकार को अपनी जगह मिले और सभी मिलकर एक मजबूत कहानी पेश करें। विनय पाठक ने कहा, इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत यही है कि इसमें सभी कलाकार मिलकर काम कर रहे हैं। जब सभी किरदार एक साथ आते हैं, तो वे एक मजबूत यूनिट बन जाते हैं, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखती है।

उन्होंने कहा, जब कोई फिल्म दर्शकों को अपने साथ जोड़ लेती है और उन्हें कहानी में डूबा देती है, तो वह फिल्म सफल

## इंडी म्यूजिक में कनिष शर्मा का इमोशनल डेब्यू ‘पल ये मेरा’

फिल्म और विज्ञापन की दुनिया में अपनी मजबूत पहचान बना चुके कनिष शर्मा अब अपने इंडी सिंगल ‘पल ये मेरा’ के जरिए एक नए और बेहद निजी अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। जम्मू की खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माए गए इस गाने में भावनाओं की गहराई और सिनेमैटिक विज़ुअल्स का अनूठा मेल देखने को मिलता है। यह सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि कनिष के भीतर की उन अनकही भावनाओं का आईना है, जिन्हें उन्होंने पहली बार इतनी सादगी और ईमानदारी से व्यक्त किया है। हमारी खास बातचीत में कनिष ने बताया कि यह गीत उनके व्यक्तिगत अनुभवों से उपजा है और वह चाहते हैं कि श्रोता इसे सुनते हुए खुद से जुड़ाव महसूस करें। डायरेक्टर राकेश के साथ मिलकर उन्होंने विज़ुअल्स को भी उतना ही संवेदनशील और वास्तविक बनाए रखने की कोशिश की। कनिष के मुताबिक, इंडी म्यूजिक उनके लिए नई पहचान नहीं, बल्कि उनकी कहानी कहने के सफर का विस्तार है। ‘पल ये मेरा’ उनके लिए सिर्फ एक शुरुआत है। एक ऐसे सफर की, जहां उनकी आवाज़ और भी करीब से दिलों तक पहुंचेगी।

## वरुण धवन-डेविड धवन की जोड़ी फिर तैयार, फैमिली एंटरटेनमेंट का नया अध्याय शुरू

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक बार फिर नई हलचल देखने को मिल रही है, जहां टिप्स फिल्म्स लिमिटेड ने फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन बिज़नेस में अपनी रणनीतिक वापसी का ऐलान किया है। इस नई शुरुआत का आगाज़ कंपनी अपने बहुप्रतीक्षित इन-हाउस प्रोजेक्ट ‘है जवानी तो इश्क होना है’ के साथ करने जा रही है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगडे जैसे लोकप्रिय सितारों से सजी यह फिल्म, डेविड धवन के निर्देशन में बनी एक हल्की-फुल्की, मनोरंजक फैमिली एंटरटेनर है, जिसमें कॉमेडी, रोमांस और मास अपील का परफेक्ट मिश्रण देखने को मिलेगा। फिल्म के साथ ही टिप्स फिल्म्स एक मजबूत और व्यापक डिस्ट्रीब्यूशन रणनीति के जरिए देशभर में अपनी पकड़ को और सशक्त करने जा रही है। कंपनी का उद्देश्य शहरी मल्टीप्लेक्स से लेकर छोटे शहरों के सिनेमाघरों तक हर दर्शक तक पहुंच बनाना है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com